# कार्यालय उपजिलाधिकारी विकासनगर
# अनुसूचित जनजातीय एवं परम्परागत वन निवासी उपखण्ड स्तरीय समिति विकासनगर देहरादून

उपखण्ड विकासनगर परिक्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम सोरना (डोबरी) विद्युत लाईन बिछाने हेतु 750 मी0 आरक्षित वन भूमि का प्रस्ताव अधिशासी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड विकासनगर द्वारा श्रीमती इन्द्रा देवी के पक्ष में भूमि दिये जाने हेतु अनुसूचित जनजाति और अन्य परम्परागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम–2006 एवं नियम–2008 के अन्तर्गत उपखण्ड स्तरीय समिति (तहसील विकासनगर) की बैठक दिनांक 5/3/19............ को तहसील सभागार में उपजिलाधिकारी एवं अध्यक्ष उपखण्ड स्तरीय वन अधिकार समिति भी अध्यक्षता में आयोजित की गई बैठक में मा0 सदस्यों की उपसमिति संलग्नानुसार प्रेषित है।

कार्यवाही का विवरण– उपखण्ड समिति द्वार मा0 सदस्यों की बैठक में निर्णरू लेते हुये उपजिलाधिकारी की अनुमति से कार्यवाही प्राम्भ की गई। मा0 सदस्यों को अवगत कराया गया है कि श्रीमती इन्द्रा देवी सोरना (डोबरी) में निवास स्थल तक विद्युत लाईन बिछाने हेतु आरक्षित वन भूमि के 750 मी0 भाग में अधिशासी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड विकासनगर द्वारा प्रस्ताव भेजा गया है, जिसे मा0 सदस्यों के समक्ष रखा गया। मा0 सदस्यों द्वारा उक्त भूमि को श्रीमती इन्द्रा देवी को दिये जाने हेतु संघर्ष स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। सम्बन्धित उप प्रभागीय वनाधिकारी कालसी द्वारा अनुसूचित जनजाति और अन्य परम्परागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम–2006 एवं नियम–2008 एवं तत्सम्बन्धी नियम–2008 के प्राविधानों को स्पष्ट करते हुये जानकारी में मा0 सदस्यों को अवगत कराया गया है। वन अधिनियम–2006 के अन्तर्गत किसी भी दावेदार का दावा/आवेदन पत्र प्रस्तुत नहीं किया गया है। इस सम्बन्ध में ग्राम सभा/ग्राम पंचायत द्वारा अनापत्ति जारी की जा चुकी है। प्रकरण में उपखण्ड स्तरीय वन अधिकार समिति द्वारा अनापत्ति जारी कर दी गई है।

बैठक में उपखण्ड विकासनगर परिक्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम सोरना (डोबरी) के अन्तर्गत दी जाने वाली आरक्षित वन भूमि को श्रीमती इन्द्रा देवी के पक्ष में अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण, उपखण्ड विकासनगर को देने की सहमति प्रदान कर दी गई है। उक्त भूमि की संस्तुति समिति के आधार पर प्रदान की जाती है।

उप जिलाधिकारी/अध्यक्ष
उपखण्ड स्तरीय वन अधिकार समिति,
तहसील विकासनगर उपखण्ड विकासनगर,
देहरादून।

उप जिलाधिकारी S.D.M. Vikas Nagar विकासनगर

प्रतिलिपि– सचिव वन उत्तराखण्ड शासन को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

उप जिलाधिकारी/अध्यक्ष
उपखण्ड स्तरीय वन अधिकार समिति,
तहसील विकासनगर उपखण्ड विकासनगर,
देहरादून।